# नगर पंचायत अम्ब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023

## भाग-एक

1 (क) **प्रारम्भिक:-**

नगर पंचायत अम्ब, जिला ऊना का गठन सचिव,शहरी विकास हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या UD-A(1)2/2012 दिनांक 27.10.2020 द्वारा किया गया तथा ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376/81-फिन(एल०ए०)-खण्ड–iv, दिनांक 16.10.2008 द्वारा शहरी स्थानीय निकाय के लेखों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर पंचायत अम्ब के लेखों का प्रथम अंकेक्षण निष्पादित किया गया ।

**अंकेक्षण अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 तक नगर पंचायत अम्ब में निम्नलिखित बतौर अध्यक्ष एवं सचिव के पद पर कार्यरत रहें :-**

**(i) अध्यक्ष :-**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मति इंदु बाला | 27-10-2020 से 31-03-2023 |

**(ii) सचिव एवं आहरण व वितरण अधिकारी :-**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अभिषेक भास्कर (तहसीलदार) | 21-05-2021 से 19-08-2021 |
| 2 | श्री ईश्वर दास धीमान(नायब तहसीलदार) | 21-08-2021 से 26-08-2021 |
| 3 | श्री मनेश कुमार (उप-मंडल अधिकारी) | 27-08-2021 से 25-10-2021 |
| 4 | श्री अनिल कुमार (तहसीलदार) | 26-10-2021 से 12-12-2021 |
| 5 | श्री मति वर्षा चौधरी (कार्यकारी अधिकारी) | 13-12-2021 से 05-10-2021 |
| 6 | श्री रमण कुमार | 06-10-2022 से 31-03-2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

**नगर पंचायत अम्ब के अवधि 10/2020 से 03/2023 के लेखों के अंकेक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्नलिखित है :-**

| क्र. सं. | पैरा सं. | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 6(ख) | अनुदानों के उपयोग हेतु शेष बची राशि | 494.19 |
| 2 | 10.4 | घर-घर कूड़ा संग्रहण के रूप में कम वसूली करना | 12.00 |
| 3 | 11.1 | श्री राकेश कान्त शर्मा सहायक अभियन्ता के गलत वेतन निर्धारण करने के कारण अधिक भुगतान | 1.23 |
| 4 | 13.1 | 5वें व 6वें राज्य वित्त आयोग निधि से अनियमित व्यय / भुगतान बारे। | 9.70 |
| 5 | 14.1 | कार्य स्थल पर लाये गये एवं उपयोग किये गये निर्माण सामग्री की प्रमात्रा पर नियमानुसार रॉयल्टी की कटौती न करना व श्रम उपकर, आय कर व वस्तु एवं सेवा कर को सम्बन्धित विभाग में जमा न करना | 4.21 |
| 6 | 14.3 | प्रशासनिक अनुमोदन के बिना निर्माण कार्यों का निष्पादन | 134.52 |

## भाग- दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

नगर पंचायत अम्ब के लेखों अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 तक का वर्तमान अंकेक्षण श्री संजीव कुमार, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) द्वारा दिनांक 17-01-2024 से 28-03-2024 तक नगर पंचायत अम्ब के कार्यालय में निष्पादित किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में समाविष्ट हैं। विस्तृत अंकेक्षण हेतु आय के लिए माह 03/2021, 03/2022 व 03/2023 तथा व्यय के लिए माह 03/2022 व 11/2022 का चयन किया गया।

**अस्वीकरण:-** यहाँ यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण सचिव, नगर पंचायत अम्ब द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत / अधूरी सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए उत्तरदायी नहीं होगा तथा अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल चयनित माह तक ही सीमित है।

**3 अंकेक्षण शुल्क :-**

नगर पंचायत के लेखों अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 तक के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹34,000/- आँका गया। अंकेक्षण शुल्क की राशि को निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-9 को भेजने हेतु, सहायक नियन्त्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्या 71/24 दिनांक 28.03.2024 द्वारा वर्तमान सचिव नगर पंचायत से अनुरोध किया गया व उनके द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए उक्त राशि बैंक ड्राफ्ट संख्या 018205 दिनांक 12.04.2024 सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, देय शाखा शिमला द्वारा निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-9 को प्रेषित कर दी गई।

**4.1 वित्तीय विवरणियां :-**

नगर परिषद / नगर पंचायत अधिनियम, -1994 के अंतर्गत तथा नगर परिषद / नगर पंचायत के Accounts Manual के पैरा 27.4 के अनुसार नगर परिषद / नगर पंचायत द्वारा निम्नलिखित वित्तीय विवरणियां तैयार की जानी आवश्यक हैं। अंकेक्षण के दौरान निम्न वर्णित **वित्तीय विवरणियां** आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/23 दिनांक 14.06.2023 द्वारा अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 हेतु निम्नलिखित वित्तीय विवरणियों को तैयार नहीं किया गया। अतः नगर परिषद / नगर पंचायत अधिनियम -1994 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

(i) Balance sheet

(ii) Income & expenditure statement

(iii) Statement of cash flow

(iv) Reciept & payment account

(iv) Notes to accounts

(v) Financial performance Indicator

**4.2 दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) को लागु न करना :-**

निदेशक, शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या UD-H(C)-15-49/2003-III-3332-3379 Dt.25.03.2009, UD-H(C)-15-49/2003-III-9337-9385 Dt.07.09.2009 तथा पत्र संख्या UD-H(C)-15-49/2003-IV-5215-63 Dt.19.07.2010 द्वारा सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये गए थे कि लेखा खातों को दिनांक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) से रख-रखाव किया जाए, किन्तु वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के लेखा खातों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत अम्ब चौक द्वारा इन निर्देशों की अवहेलना करके अपने लेखा खातों को एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया था जोकि गम्भीर अनियमितता है | अत: निदेशक, शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशों की अवहेलना करके लेखों को दोहरी लेखा पद्धति के स्थान पर एकल लेखा पद्धति के आधार पर बनाए जाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं सरकार के निर्देशानुसार लेखों को दोहरी पद्धति के आधार पर बनाया जाना तुरंत सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को भी अवगत करवाया जाए | इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 17/24 दिनाँक 23.01.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि नगर पंचायत द्वारा भविष्य में दोहरी लेखा पद्धति में रोकड़ बही का रख-रखाव शुरू कर दिया जाएगा | अतः कृत कार्रवाही से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए |

**४.३ वित्तीय स्थिति :-**

**क)** नगर पंचायत द्वारा यथा (**परिशिष्ट – क)** पर प्रस्तुत सूचना अनुसार नगर पंचायत की विभिन्न निधियों की लेखा अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 तक की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी:-

**वित्तीय वर्ष 2020-21 (दिनाँक 27.10.2020 से प्रारम्भ)**

| | आरम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | ब्याज (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वंय स्रोत** | 0.00 | 200.00 | 31315.00 | 31515.00 | 0.00 | 31515.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुदान | 0.00 | 11835476.00 | 0.00 | 11835476.00 | 0.00 | 11835476.00 |
| **योग** | **0.00** | **11835676.00** | **31315.00** | **11866991.00** | **0.00** | **11866991.00** |

## वित्तीय वर्ष 2021-22

| | आरम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | ब्याज (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वंय स्रोत | 31515 | 461974.02 | 724020 | 1217509.02 | 107443.70 | 1110065.32 |
| अनुदान | 11835476 | 32900512.00 | 0.00 | 44735988.00 | 7365832.50 | 37370155.50 |
| **योग** | **11866991** | **33362486.02** | **724020** | **45953497.02** | **7473276.20** | **38480220.82** |

## वित्तीय वर्ष 2022-23

| | आरम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | ब्याज (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वंय स्रोत | 1110065.32 | 3137016.13 | 1665606.30 | 5912687.75 | 1022267.84 | 4890419 |
| अनुदान | 37370155.50 | 41157175.00 | 0.00 | 78527330.50 | 29108039.00 | 49419291 |
| **योग** | **38480220.82** | **44294191.13** | **1665606.30** | **84440018.25** | **30130306.84** | **54309711.** |

**ख) Reconciliation of bank balances and cash book balances as on 31.03.2023**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **Balance as per cash book** | | | | **54309711.41** |
| **Add** | 1) Cheque issued but not presented for payment till 31.03.2023 | | | | |
| | **Sr. No** | **Cheque No** | **Date** | **Amount (₹)** | |
| | 1 | 915443 | **21.09.2021** | 17845 | |
| | 2 | 264249 | **23.07.2021** | 3000 | |
| | 3 | RTGS | 21.09.2021 | 2000 | |
| | 4 | RTGS | 16.08.2021 | 6162 | |
| | 5 | RTGS | 07.02.2022 | 2500 | |
| | 6 | 286426 | 07.02.2022 | 850 | **36014.00** |
| | 7 | 285931 | 14.02.2022 | 840 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 286435 | 24.02.2022 | 1000 | |
| | 9 | 286438 | 24.02.2022 | 1817 | |
| | | | | **Total** | **54345725.41** |
| **Less** | 1) Receipt of income in the month of 10/2022 but credited in to bank ₹20 on dated 03.04.23 and ₹500 credited in to bank on dated 02.03.2024 | | | | 520.00 |
| | **Balance as per Pass Book / Bank** | | | | **54345205.41** |

**ग) दिनांक 31.03.2023 को उपलब्ध पूँजी के अंतिम शेष का विवरण :-**

| क्रम. स. | बैंक का नाम | खाता संख्या | दिनांक 31-03.23 को शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | सेंट्रल बैंक अम्ब | 5135961589 | 2326510.06 |
| 2 | सेंट्रल बैंक अम्ब | 5111957934 | 5704.90 |
| 3 | पंजाब नेशनल बैंक अम्ब | 3992000100169846 | 26110483.00 |
| 4 | पंजाब नेशनल बैंक अम्ब | 3992000100170657 | 1578048.50 |
| 5 | पंजाब नेशनल बैंक अम्ब | 3992000100170408 | 2370456.50 |
| 6 | एच.डी.एफ.सी. अम्ब | 50100465329016 | 1947342.00 |
| 7 | एच.डी.एफ.सी. अम्ब | 50100463303500 | 0.00 |
| 8 | एच.डी.एफ.सी. अम्ब | 50100464286589 | 7835011.15 |
| 9 | एच.डी.एफ.सी. अम्ब | 50100490189607 | 7684617.30 |
| 10 | एच.डी.एफ.सी. अम्ब | 50100464287122 | 0.00 |
| 11 | केनरा बैंक अम्ब | 110035956514 | 4487032.00 |
| | | **योग** | **₹54345205.41** |

**5 पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि की रोकड़ बही का पृथक अनुरक्षण न करना :-**

नगर पंचायत के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि के लिए नगर पंचयात द्वारा पृथक रोकड़ बही का अनुरक्षण नही किया गया था जोकि हिमाचल प्रदेश नगर पालिका लेखा संहिता 1975 तथा H.P.Muncipal Employee Pension Gratuity & G.P.F.Rule 2000 में प्रावधित नियमों के प्रतिकूल है। इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/23 दिनांक

14.06.2023 के प्रतिउत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि नगर पंचायत द्वारा पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि की पृथक रोकड़ बही का अनुरक्षण नही किया गया है तथा जिसका शीघ्र ही रख-रखाव कर लिया जाएगा। अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि का हस्तांतरण स्वीकृत पदों के विरुद्ध नियमानुसार 17%(पेंशन 12% व ग्रेच्युटी 5%) अवधि 01.05.2021 से 31.12.2023 तक ₹7,35,936/- हेतु दिनांक 10.01.2024 को अलग से बैंक खाता खोलकर किया गया। अत: वांछित अभिलेख जैसे, रोकड़ बही व खाताबही इत्यादि का अनुरक्षण न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए यह सुझाव दिया जाता है कि इस सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। यहाँ इस संदर्भ हेतु दिनांक 10.01.2024 को पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि के बैंक खातों में उपलब्ध शेष का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :-

| **क्रम संख्या** | **विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अम्ब खाता संख्या 5533817601 | 7,35,936 |
| | **बैंक बचत खातों का कुल योग** | **7,35,936** |

**6 अनुदान :-**

**क) वित्तीय स्थिति**

नगर पंचायत अम्ब की अंकेक्षणाधीन अवधि 27-10-2020 से 31-03-2023 तक की अनुदानों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **(परिशिष्ट – ख)** में भी दिया गया है :-

| **वित्तीय वर्ष** | **आरम्भिक शेष** | **वर्ष के दौरान प्राप्त राशि** | **कुल योग** | **वर्ष के दौरान व्यय राशि** | **अन्तिम शेष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | 0.00 | 11835476.00 | 11835476.00 | 0.00 | 11835476.00 |
| 2021-22 | 11835476.00 | 32900512.00 | 44735988.00 | 7365832.50 | 37370155.50 |
| 2022-23 | 37370155.50 | 41157175.00 | 78527330.50 | 29108039.00 | 49419291.50 |
| **योग** | **49205631.50** | **85893163.00** | **135098794.50** | **36473871.50** | **98624923.00** |

**ख) अनुदानों की ₹494.19 लाख उपयोग हेतु शेष :-**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट - (ख)** पर प्रस्तुत विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत प्राप्त अनुदान की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानों में से दिनांक 31-03-2023 को ₹4,94,19,291.50/- उपयोग हेतु शेष थी, जबकि अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक या दो वर्षों के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती हैं | अत: अनुपयोग अनुदान राशियों को निश्चित अवधि में उपयोग न किये जाने बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए इन्हें सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत प्राप्त निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित विभाग को करके अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए|

**ग) अनुदान रजिस्टर तैयार न करना :-**

नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 व 2022-23 के दौरान विभिन्न विभागों / संस्थाओं से प्राप्त अनुदानों व प्राप्त अनुदानों से किए गए व्यय से सम्बन्धित अभिलेख अनुदान रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था । अतः वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 व 2022-23 का अनुदान रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख तैयार करने उपरान्त सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

**घ) ₹339.96 लाख के अनुदानों के व्यय सम्बन्धी उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना:-**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को यथा (**परिशिष्ट – ख)** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अनुदानों में से वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 को क्रमश: ₹7365832.50 व ₹29108039.0 कुल ₹36473871.50 का व्यय किया गया दर्शाया गया जिसमें से क्रमशः वर्ष 2021-22 में ₹24,78,192/- के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को प्रस्तुत किए गए थे जबकि शेष व्यय राशि ₹3,39,95679.50 के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को प्रस्तुत नहीं किए गए थे, लेकिन अनुदान राशिय़ों को जिन-जिन उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु नगर पंचायत द्वारा व्यय किया गया, की सत्यापना वर्तमान अंकेक्षण के दौरान सम्भव न हो सकी, क्योंकि नगर पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर को तैयार नहीं किया गया व न ही अनुदानों के शेष व्यय राशि ₹33995679.50 से सम्बन्धित व्यय की गई राशि के उपयोगिता प्रमाणपत्र सबन्धित विभागों को

प्रस्तुत नही किए गए थे | अत: अंकेक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक अनुदान राशि के व्यय से सम्बन्धित सम्पूर्ण ब्यौरा जैसे कि माह / दिनांक, बिल / वाउचर संख्या इत्यादि से सम्बन्धित विवरण अनुदान रजिस्टर में दर्ज किया जाना व सम्पूर्ण अभिलेख सत्यापना हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि व्यय की सत्यता की पुष्टि की जा सके |

7 **निवेश**

**कुशल वित्तीय प्रबन्धन के अभाव में अतिरिक्त निधि को सावधि जमा में निवेश करने की अपेक्षा बचत खातों में जमा रखने के कारण प्राप्त हो सकने वाले अतिरिक्त ब्याज आय की हानि :-**

नगर पंचायत की दिनांक 31.03.2023 की प्रस्तुत बैंक समाधान विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि ₹5,43,45,205.41 की एक बड़ी राशि बचत खातों में ही जमा रखी गई थी, जिस में से यदि सामयिक आवश्यकता की राशि के अतिरिक्त उपलब्ध राशि को एक माह से एक वर्ष तक की अल्पावधि बैंक सावधि जमा योजनाओं में निवेश किया जाता तो इस राशि पर निश्चित रूप से नगर पंचायत की दिन - प्रतिदिन की विकास गतिविधियों को प्रभावित किए बिना अधिक ब्याज अर्जित किया जा सकता था, हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल अधिनियम 1994 की धारा 56 "Power to deposit and invest surplus funds" के अनुसार भी उक्त बारे वर्णन/ निर्देश दिए गये हैं परन्तु नगर पंचायत द्वारा बड़ी रकम केवल बैंक बचत खातों में रखने के परिणामस्वरूप ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय से वंचित होना पडा है जोकि समुचित कुशल वित्तीय प्रबन्धन के अभाव को परिलक्षित करता है | इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 46/24 दिनाकं 04.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में वचत खातों में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा में निवेश कर दिया जाएगा | उत्तर संतोषजनक नही है | अत: आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को निवेश न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में सामयिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त राशि को सावधि जमा में निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

8 **बजट :-**

नगर पंचायत के अंकेक्षण अवधि 27.10.2020 से 31.03.2023 हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/23 दिनांक 14.06.2023 के प्रतिउत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या

न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि नगर पंचायत द्वारा वर्ष 2020-21 व 2021-22 हेतु वजट तैयार नही किया गया था जोकि एक अनियमितता है, बजट तैयार न करने बारे तथ्यों सहित स्थिति स्पष्ट की जाए जबकि वर्ष 2022-23 दौरान का स्वीकृत बजट एवं इसके विरुद्ध व्यय की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

| **वर्ष** | **स्वीकृत बजट** | **वास्तविक व्यय** | **अंतर** |
|---|---|---|---|
| **2022-23** | 20885000 | 20393368 | 491632 |

उपरोक्त विवरणी से स्वत: स्पष्ट है कि नगर पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत बजट से अधिक व्यय न करते हुए व्यय सीमा के अंतर्गत ही व्यय किया गया था | वर्ष 2020-21 व 2021-22 में किए गए वास्तविक व्यय को सक्षम प्राधिकारिणी से स्वीकृति ली जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 नगर पंचायत के गत तीन वर्षो की आय व व्यय का विवरण:-**

नगर पंचायत अम्ब के गत तीन वर्षो के कुल आय व व्यय का विवरण निम्न प्रकार से था :-

| **वित्तीय वर्ष** | **आय (स्व: स्रोत + अनुदान +ब्याज) (₹)** | **व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| **2020-21** | 11866991.00 | 0.00 |
| **2021-22** | 34086506.00 | 7473276.20 |
| **2022-23** | 45959797.43 | 30130306.84 |

**10 आय :-**

ग्राम पंचायत अम्ब को नगर पंचायत का दर्जा शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या UD-A(1)2/2012 दिनांक 21.10.2020 द्वारा प्रदान किया गया, जिसके अन्तर्गत सरकार की उक्त अधिसूचना द्वारा नगर पंचायत को अधिसूचना जारी करने की तिथि से 3 वर्ष अर्थात 20.10.2023 तक सामान्य करों को नगर पंचायत में लागू न करने हेतु छूट प्रदान की गई थी परन्तु नगर पंचायत की आय का अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा अव तक कोई भी कर लागू नही किया गया है | इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 30/24 दिनांक 07.02.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432

दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि नगर पंचायत द्वारा नियमानुसार लागू होने वाले करों को शीघ्र लागू करके अनुपालना से अंकेक्षण पर अवगत करवा दिया जाएगा| उत्तर संतोषजनक नही है क्योंकि लगभग चार माह व्यतीत हो जाने के बाद भी करों को लागू न करने के कारण नगर पंचायत को होने वाली एक बड़ी आय से वंचित होना पड़ रहा है जिसका विपरीत असर नगर पंचायत द्वारा किए जाने वाले विकासात्मक कार्यों पर पड़ रहा है जोकि एक गम्भीर अनियमितता है, जिस बारे मामला उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ इस आश्य के साथ लाया जाता है कि इस पर कार्यवाही शीघ्र अम्ल लाई जानी सुनिश्चित करवाई जाए |

**नगर पंचायत अम्ब की विभिन्न प्राप्त आय के सबंध में निम्न अनियमितताएं पाई गई हैं, जिन्हें निम्न विवरण अनुसार वर्णित किया गया है :-**

**10.1 अंकेक्षण अवधि के दौरान शराब उपकर राशि की वसूली न करना :-**

हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या यू.एल.बी.-एच(सी)(9)-28/96-1 दिनांक 01.12.99 के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के अन्दर शराब के ठेकों से विकने वाली शराब की बोतलों पर ₹1 प्रति बोतल की दर से शराब उपकर आवकारी एवं कराधान विभाग द्वारा सम्बन्धित स्थानीय निकायों को शराब उपकर का भुगतान किया जाना अपेक्षित था | अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचना अनुसार नगर पंचायत को अवधि 27/10/20 से 31/03/23 के दौरान शराब उपकर की कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई थी | अत: शराब उपकर की वसूली न करना एक गम्भीर अनियमितता है जिसकी वसूली हेतु आवकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश से शराब उपकर प्राप्त करने हेतु मामला शीघ्र उठाया जाए | इस संदर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 19/24 दिनांक 24.01.2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि मामला सम्बन्धित विभाग से उठाया जाएगा | उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि नगर पंचायत को करों के रूप में प्राप्त न होने वाली आय से नगर पंचायत के विकासात्मक कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है | अत: परामर्श दिया जाता है कि उक्त से सम्बन्धित मामला वसूली हेतु शीघ्र उठाया जाए तथा भविष्य में भी समय – समय पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10.2 सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त शुल्क ₹260/- को सरकारी कोष में जमा न करना :-**

नगर पंचायत के अंकेक्षण अवधि 27.10.2020 से 31.03.2023 दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा सूचना के अधिकार के अंतर्गत **(सलंग्न परिशिष्ट - ग)** अनुसार सूचना का अधिकार

के नियम-2006 के नियम 5 तथा अतिरिक्त निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या UD-H(A)(3)-2/2005-IV-1312-1372 दिनांक 29-04-2023 की अनुपालना में आर.टी.आई शुल्क के वर्ष 2022-23 में प्राप्त किए गए ₹260/- को सरकारी कोष के Head "0070-60-118-011"(Receipt From Right to Information Act.) में जमा न करवाकर नगर पंचायत द्वारा अपने स्वयं स्त्रोत लेखे में जमा करवाया गया | वर्णित अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या 29/24 दिनांक 02.02.2024 के अंतर्गत सचिव नगर पंचायत के ध्यानार्थ वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब / 432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा। अतः दिए गए आश्वासन अनुसार राशि को सरकारी कोष में जमा करवाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा |

**10.3 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.27 लाख को सरकारी कोष में जमा न करना :-**

नगर पंचायत द्वारा समाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)1/97 दिनांक 17.12.2004 द्वारा जारी हिमाचल प्रदेश **विवाह पंजीकरण** नियम 2004 द्वारा जारी नियम 9 व अधिसूचना संख्या SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 द्वारा जारी हिमाचल प्रदेश **विवाह पंजीकरण (संशोधन)** नियम 2016 द्वारा जारी नियम 3 अनुसार प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क को राजकीय कोष में मद 0235-00-800-03 में अवधि 27.10.2020 से 31.03.2023 क्रमशः वर्ष 2021-22 हेतु ₹13600/- व 2022-23 हेतु ₹13400/- कुल ₹27000/- **(परिशिष्ट-घ)** अनुसार जमा करवाया जाना वांछित था | उक्त वर्णित अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 36/24 दिनांक 20.02.2024 के अंतर्गत सचिव नगर पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क को नियमानुसार राजकीय कोष में जमा करवा दिया जाएगा | अतः विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा करवाके, अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10.4 घर-घर कूड़ा संग्रहण के रूप में ₹12.00 लाख की कम वसूली करना :-**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि 27.10.2020 से 31.03.23 तक के दौरान नगर पंचायत के क्षेत्र में स्थापित घर, दुकानें, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय, बैंक, होटल व ढाबे कूड़ा संग्रहण के रूप में निम्न विवरणानुसार

तथा **सलंग्न (परिशिष्ट-ड.) अनुसार** वसूली योग्य राशि ₹24,99,000/- बनती थी, जिन में से नगर पंचायत द्वारा ज्यादातर घरों से ही **₹**13,75,010/- वसूली की गई जबकि वसूली हेतु **₹**11,23,990/- राशि शेष थी, जिसकी वसूली बारे नगर पंचायत द्वारा कोई भी पग नहीं उठाये गए थे | परिणाम स्वरूप नगर पंचायत को एक बड़ी राशि के रूप में प्राप्त होने वाली आय से वंचित होना पडा, जिसका औचित्य स्पष्ट करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 45/24 दिनांक 04.03.2024 द्वारा सचिव नगर पंचायत से आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में स्थापित घर, दुकान, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय, बैंक व ढावे इत्यादि से कूड़ा संग्रहण फीस की वसूली शीघ्र करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा |

| **विवरण** | **संख्या** | **अधिसूचना अनुसार निर्धारित दरें (मासिक )** | **मासों की संख्या 01-04-2022 से 31-03-2023** | **वसूली योग्य राशि (01-04-2021 से (31-03-2023)** | **वसूल की गई राशि (₹)** | **कम वसूल की गई राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घर | 2378 | 50 | 12 | 1426800 | | |
| दुकान | 990 | 50 | 12 | 594000 | | |
| दुकान (फल व सब्जी) | 5 | 150 | 12 | 9000 | | |
| दुकान (मिठाई) | 5 | 200 | 12 | 12000 | | |
| सरकारी कार्यालय | 13 | 200 | 12 | 31200 | | |
| महाविद्यालय | 1 | 100 | 12 | 1200 | | |
| सरकारी अस्पताल | 2 | 1000 | 12 | 24000 | | |
| रेस्टोरेंट | 9 | 1000 | 12 | 108000 | | |
| ढाबा | 6 | 200 | 12 | 14400 | | |
| होटल | 4 | 1000 | 12 | 48000 | | |
| बैंक | 9 | 1000 | 12 | 108000 | | |
| सरकारी विद्यालय | 8 | 100 | 12 | 9600 | | |
| दवाईयों की दुकान | 47 | 200 | 12 | 112800 | | |
| | | | **कुल योग** | **₹2499000** | **₹1375010** | **₹1123990** |

**10.5 बिजली बोर्ड से देय बिजली उपकर की वसूली न करना :-**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एल.एस.जी.-(डी)(1)-9/94 दिनांक 01.12.99 एवं हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल अधिनियम की धारा 69 के अनुसार नगर पंचायत द्वारा अपने परिक्षेत्र में खर्च होने वाली बिजली पर प्रति यूनिट 1 पैसा की दर से बिजली उपकर हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से वसूल किया जाना अपेक्षित है | अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचना अनुसार नगर पंचायत को अवधि 27/10/2020 से 31/03/2023 के दौरान बिजली शुल्क की कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई थी, न ही इसकी प्राप्ति हेतु कोई पत्राचार किया गया था। अतः यह प्रकरण तुरंत बिजली बोर्ड से उठाया जाए तथा उक्त अवधि के दौरान देय बिजली शुल्क की राशि को बिजली खपत के पूर्ण विवरण सहित प्राप्त करने के अतिरिक्त अपेक्षित मांग व प्राप्ति रजिस्टर का उचित संधारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए | इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 18/24 दिनांक 24.01.2024 द्वारा वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि अंकेक्षण अवधि हेतु बिजली उपकर की वसूली नही की गई थी जिसकी प्राप्ति हेतु मामला सम्बन्धित विभाग से शीघ्र उठाया जाएगा | अत: परामर्श दिया जाता है कि दिए गए आश्वासन अनुसार उपकर राशि की वसूली हेतु नियमानुसार तुरंत ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए व कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

**11 स्थापना**

**11.1 श्री राकेश कान्त शर्मा कनिष्ठ अभियन्ता के अनियमित वेतन निर्धारण के कारण ₹1.23 लाख का अधिक भुगतान बारे**

उपरोक्त विषय पर श्री राकेश कान्त शर्मा कनिष्ठ अभियन्ता, अब सहायक अभियन्ता की सेवा पंजिका की जाँच में पाया गया कि दिनांक 01.01.2016 से उन्हें वेतन संशोधन नियम 2022 का लाभ जारी करते समय अनियमित रूप से अधिक वेतन निर्धारित किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

1) श्री राकेश कान्त शर्मा द्वारा 2.59 के फैक्टर के साथ वेतन संशोधन का विकल्प चुना था |

2) चूँकि उन्हें दिनांक 01.10.2012 से हुए वेतन पुनर संशोधन के आधार पर ₹4400 के स्थान पर उच्च ग्रेड पे ₹5400 का लाभ दिया गया है, जिस कारण चुने गए विकल्प के आधार पर दिनांक 01.10.2012 से विकल्प के अनुसार दिनांक 01.10.2012 से उनका वेतन काल्पनिक रूप से निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाना था परन्तु यह गणना गलत की गई |

| क्रम सं. | दिनांक | काल्पनिक रूप से गलत निर्धारित वेतन (₹) | काल्पनिक रूप से अपेक्षित वेतन निर्धारण (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.10.2012 | 18140+5400 = 23540 | 18140+4400 = 22540 | |
| 2 | 01.04.2013 | 18850+5400 = 24250 | 18820+4400 = 23220 | |
| 3 | 01.04.2014 | 19580+5400 = 24980 | 19520+4400 = 23920 | |
| 4 | 01.04.2015 | 20330+5400 = 25730 | 20240+4400 = 24640 | |
| 6 | 2.59 फैक्टर के आधार पर वेतन निर्धारण | 25730×2.59 = 66641 Level12cell 16 = 67000 | 24640×2.59 = 63818 Level 13 cell 12 = 63900 | काल्पनिक रूप से वेतन लेवल-12 व सैल-16 में निर्धारित किया न कि लेवल-17,सैल-9 में किया गया जबकि यह लेवल-13, सैल-12 में निर्धारित होना था | |

3) उपरोक्त गलत काल्पनिक वेतन गणना के कारण दिनांक 01.01.2016 से श्री राकेश कान्त शर्मा के वेतन निर्धारण में निम्न अंतर पाया गया :-

| क्रम संख्या | विवरण | दिनांक | निर्धारित किया गया वेतन | अपेक्षित वेतन निर्धारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन संशोधन | 01.01.2016 | Level 12 cell 16 = 67000 | Level 13 cell 12 = 63900 |
| 2 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2016 | Level 12 cell 17 = 69000 | Level 13 cell 13 = 65800 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2017 | Level 12 cell 18 = 71100 | Level 13 cell 14 = 67800 |
| 4 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2018 | Level 12 cell 19 = 73200 | Level 13 cell 15 = 69800 |
| | 20 वर्ष पूर्ण होने पर प्रगतिशील वेतन वृद्धि | 01.04.2018 | Level 12 cell 19 = 75400 | Level 13 cell 15 = 69800 |
| 5 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2019 | Level 12 cell 20 = 77700 | Level 13 cell 16 = 71900 |
| 6 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2020 | Level 12 cell 21 = 80000 | Level 13 cell 17 = 74100 |
| 7 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2021 | Level 12 cell 22 = 82400 | Level 13 cell 18 = 76300 |
| 8 | वार्षिक वेतन वृद्धि | 01.04.2022 | Level 12 cell 23 = 84900 | Level 13 cell 19 = 78600 |

इस अनियमित वेतन निर्धारण के कारण दिनांक 01.01.2022 से 31.07.2023 तक श्री राकेश कान्त शर्मा कनिष्ठ अभियन्ता अब सहायक अभियन्ता को **सलंग्न (परिशिष्ट-च)** अनुसार **₹123009/-** का अनियमित व अधिक भुगतान वेतन व भत्तों के रूप में वनता है | अत: इसके बारे में नगर पंचायत के दृष्टिकोण से शीघ्र अवगत करवाया जाए | इस संदर्भ में, जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/24 दिनांक 14.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि श्री राकेश कान्त शर्मा कनिष्ठ अभियन्ता अब सहायक अभियन्ता का गलत वेतन निर्धारण हो गया था | अतः अवधि 01.01.2022 से 31.03.2023 तक गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹1,23,009/- की वसूली सबन्धित से करके आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवा दी जाएगी |

**11.2 कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं का रख-रखाव नियमानुसार न करना :-**

हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम 1971 के नियम 7.14 एवं 7.15 के प्रावधानों के अनुसार सेवा पंजिकाओं में कर्मचारियों से सम्बन्धित विवरण जैसे कि अर्जित अवकाश, स्वीकृति आदेश, वार्षिक वेतन वृद्धि आदेश, तबादला आदेश, पदोन्नति आदेश, सेवाकाल सत्यापन की प्रविष्टि दर्ज की जानी अपेक्षित है किन्तु अंकेक्षण के दौरान कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न वर्णित प्रकरणों में सेवा पंजिकाओं का रख-रखाव नियमानुसार न करने को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा निम्न वर्णित प्रकरणों सहित अन्य इसी प्रकार के सभी प्रकरणों में कार्यवाही करके अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

| **क्रम संख्या** | **कर्मचारी का नाम** | **पद** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रमण कुमार | सचिव | Annual Increment order not mentioned in Service book for the period 2020-21,2021-22 & 2022-23 |
| 2. | श्री राकेश कान्त शर्मा | कनिष्ठ अभियन्ता | Annual Increment order not mentioned in Service book for the period 2020-21,राकेश कान्त 2021-22 & 2022-23 |

**11.3 कर्मचारियों के अवकाश खातों को पूर्ण न करना :-**

केन्द्रीय सेवा नियम (अवकाश) 1972 के नियम 26(1)(a)(i) के प्रावधान के अनुसार, कर्मचारियों के अवकाश खातों को प्रत्येक वर्ष की प्रथम जनवरी एवं प्रथम जुलाई को दो किश्तों में एडवांस क्रेडिट देते हुए पूर्ण किया जाना अपेक्षित था | अंकेक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विभिन्न कर्मचारियों के सन्दर्भ में अवकाश खातों को पूर्ण नहीं किया गया था जोकि अनियमित है | अत:

कर्मचारी के अवकाश खाते को पूर्ण करने हेतु नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

| Sr. No | Name of employee | Designation | Period for which earned leave account not completed | Period for which H.P.L. leave account not completed |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमण कुमार | सचिव | 01.07.2022 to 31.03.2023 | 01.07.2022 to 31.03.2023 |

**12 अग्रिम :-**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/23 दिनांक 14.06.2023 द्वारा नगर पंचायत के अधिकारियों / कर्मचारियों को जारी अग्रिम के सन्दर्भ में मांगी गई सूचना के प्रत्युत्तर में सचिव, नगर पंचायत अम्ब के पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान कोई भी अग्रिम जारी नही किया गया था |

**13. व्यय :-**

**13.1 5वें व 6वें राज्य वित्त आयोग निधि से ₹9.70 लाख का अनियमित व्यय / निकासी बारे |**

नगर पंचायत के अंकेक्षण अवधि हेतु अनुदानों से किए गये व्यय का अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा निम्न वर्णित अनुदानों से ₹9,70,000/- का व्यय सबन्धित अनुदानों से न करके 5वें व 6वें राज्य वित्त आयोग निधि से किया गया जो कि उक्त निधि से सम्बन्धित नही था | इस प्रकार अनियमित रूप से अन्य निधियों से सम्बन्धित व्यय को 5वें व 6वें राज्य वित्त आयोग निधियों से करने का औचित्य नगर पंचायत के दृष्टिकोण से नियमानुसार/आदेशानुसार स्पष्ट करने वारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47/24 दिनांक 05.03.2024 द्वारा वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि स्टाफ की कमी तथा कार्य का अधिक भार होने के कारण अनुदानों के गलत खातों / दूसरे अनुदानों के खातों से निकासी हो गई थी | गलत खातों से निकासी बारे आवश्यक संशोधन / राशि जमा करके आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जायेगा | अतः उक्त अनियमितता के संबन्ध में परामर्श दिया जाता है कि

अनुदानों से सबन्धित व्यय सबन्धित अनुदान से ही किया जाना सुनिशिचित किया जाए ताकि अमुक अनुदान की सही वितीय स्तिथि का आंकलन एवं शेष व व्यय वारे जानकारी ज्ञात हो सके |

| **क्रम** | **अनुदान का नाम जिस पर राशि व्यय की गई** | **5वें व 6वें राज्य वित्त आयोग निधि से व्यय राशि (₹)** | | **बैंक का नाम व खाता संख्या जिस में से राशि व्यय की गई** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MMGPY | 3,15,000 | A/C | HDFC Bank Amb A/C N0.50100465329016 |
| 2 | Mahila Mandal Bhawan | 2,00,000 | A/C | HDFC Bank Amb N0.50100465329016 |
| 3 | VKVNY | 2,00,000 | A/C | HDFC Bank Amb N0.50100465329016 |
| 4 | VKVNY | 2,00,000 | A/C | HDFC Bank Amb N0.50100465329016 |
| 5 | VKVNY | 55,000 | | HDFC Bank Amb A/C N0.50100465329016 |
| | **कुल योग** | **9,70,000** | | |

## 13.2 नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान Government e-Marketplace (GeM) Portal से क्रय न करने वारे।

नगर परिषद की अंकेक्षण अवधि 10/2020 से 3/2023 के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या UD-H(B)Gem-/2018-eMarket Place (Gem)-26587-648 दिनांक 22.8.2022 के अनुसार "All ULBs in the State are brought on the Government e-Marketplace (GeM) portal at the earliest" की अनुपालना में क्रय किया जाना वांछित था परन्तु अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर पंचायत GeM Portal पर पंजीकृत तो थी परन्तु उक्त आदेशों की अवहेलना करते हुए अंकेक्षण अवधि दौरान/हेतु समस्त क्रय Government e-Market Place (GeM) से न करते हुए खुले वाजार से किया गया | अतः GeM Portal से क्रय न करने वारे तथ्यों सहित वस्तुस्तिथि व नगर परिषद के दृष्टिकोण से अंकेक्षण को अवगत करवाने वारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/24 दिनांक 06.02.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि नगर पंचायत द्वारा GeM Portal से क्रय नही किया जा

रहा है जिसे भविष्य में शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा | उत्तर संतोषजनक नही है क्योंकि सरकार के सामग्री क्रय वारे स्वीकृत माध्यम से क्रय न करना एक गम्भीर अनियमितता है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए |

**14 निर्माण कार्य :-**

**14.1 कार्य स्थल पर लाये गये एवं उपयोग किये गये निर्माण सामग्री की प्रमात्रा पर नियमानुसार ₹1.36 लाख की रॉयल्टी की कटौती न करना, निर्माण कार्य बिलों से कटौती किए गये ₹2.16 लाख का श्रम उपकर, ₹0.25 लाख का आय कर तथा ₹0.44 लाख का वस्तु एवं सेवा कर को जमा न करना:-**

प्रधान सचिव (उद्योग) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या खण्ड –II (एफ) 6-5/2006 दिनांक 16.01.2012 तथा हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग (भूगर्भीय शाखा) {Himachal Pradesh of Industries – Geoligical Wing} द्वारा जारी Himachal Pradesh Minor Minerals (Concession) and Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and storage) Rules,2015 की दूसरी अनुसूची में निर्माण कार्यों में उपयोग किये जाने वाले क्षुद्र खनिज जैसे पत्थर, रेत, बजरी, चूना पत्थर तथा संगमरमर आदि पर समय – समय पर निर्धारित दरों के अनुसार रॉयल्टी देय है | अंकेक्षण दौरान निर्माण कार्य बिलों का अबलोकन करने पर पाया गया कि **सलंग्न (परिशिष्ट-छ)** अनुसार विभिन्न कार्य स्थलों पर अंकेक्षण अवधि दौरान निर्माण कार्यों हेतु पत्थर, रेत, बजरी का उपयोग किया गया जिसके सन्दर्भ में रॉयल्टी के रूप में ₹1,35,790/- की कटौती निर्माण कार्य बिलों में से नही की गई थी जबकि श्रम कर के रूप में ₹2,16,248/-, आयकर के रूप में ₹25,331/-तथा वस्तु एवं सेवा कर के रूप में ₹43,656/- की राशि की कटौती तो संविदाकारों से की गई थी, परन्तु उक्त राशि को सम्बन्धित विभाग में जमा नहीं करवाया गया था,जिस वारे में स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 60/24 दिनांक 15.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रतिउतर में सचिव नगर पंचायत ने अपने पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त राशि सबन्धित विभाग में जमा करवा दी जाएगी तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवा दिया जाएगा | अतः रॉयल्टी की राशि उचित स्रोत से वसूली करके तथा श्रमकर, स्रोत पर काटे गए आयकर व वस्तु एवं सेवाकर को सम्बन्धित आय शीर्ष/विभाग में जमा करके, अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 14.2 नगर पंचायत द्वारा करवाए गये निर्माण कार्यों के अनियमित आबंटन वारे :-

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासों दौरान करवाए गये निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पर पाया गया कि अनुसार विशेष सचिव लोक निर्माण हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या PB(B)A(3)1/2020-1 दिनांक 07.10.2021 द्वारा "Regarding adoption of CPWD Works Mannual 2019 & other publication of CPWD in Himachal Pradesh Public Works Department" को अपनाते हुए बिन्दु 12 (बी) iv अनुसार "If the Bid price offered by the lowest bidder is lower than 30% of the amount put to tender,the tender will be cancelled and recalled immediately." का अनुसरण न करते हुए,अवेहलना की गई है तथा निर्माण कार्यों का आबंटन नियमानुसार नही किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार तथा **सलंग्न (परिशिष्ट-ज)** अनुसार है, जिस वारे औचित्य स्पष्ट करने वारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 51/24 दिनांक 11.03.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, नगर पंचायत अम्ब के पत्र संख्या न.प.अम्ब/370 दिनांक 13.03.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि निर्माण कार्यों का आबंटन नियमों की जानकारी के अभाव के कारण आबंटन करने में गलती हो गई है, जिसकी भविष्य में पुनरावृति नही की जाएगी,उत्तर संतोषजनक नही था | अतः नियमानुसार निर्माण कार्यों के टेण्डर को रद्द न करना तथा **recall** न करने वारे औचित्य तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाए व कृत कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए |

| Sr No. | Voucher No. And Date | Name of Work | Amount Put To Tender | 30% Value | Bid Price of Contractor | Work Awarded to Whome | Work Whome to be Awarded | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 196/1-11-22 | P/F 60 mm Thick interlocking Tiles at Ward No. 5 | 788131-00 | 551691-70 | L1-551691-42 | | Vijay Kumar Chaudhary | |
| | | | | | L2-551691-70 | | | |
| | | | | | L3-551693-40 | Surinder kumar | | |
| 2. | 197/1-11-22 | P/F 60 mm Thick interlocking | 825463-00 | 577824-10 | L1-577823-82 | | | |
| | | | | | L2-577824-10 | | A.V. Consts. | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Tiles at Ward No. 8 | | | L3-577827-60 | Surinder kumar | | |
| 3. | 198/1-11-22 | C/O Street in Ward No. 9 | 979117-00 | 685381-90 | L1-685381-90 | | Rohit sharma | |
| | | | | | L2-685382-00 | Surinder Kumar | | |
| | | | | | L3-774690-00 | | | |
| 4. | 199/1-11-22 | P/F 60 mm thick interlocking Tiles at ward No. 1 | 937410-00 | 656187-00 | L1-656187-00 | | Karnail Singh And | To be Awarded by Toss among them. |
| | | | | | L2-656187-00 | | Rohit Sharma | |
| | | | | | L3-656187-68 | Surinder kumar | | |
| | | | | | L4-656356-00 | | | |
| 5. | 201/1-11-22 | P/F 60 mm thick Interlocking Tiles at ward No. 6 | 995298-00 | 696708-60 | L1-696708-60 | | Vijay kumar Chaudhary And | To be Awarded by Toss among them. |
| | | | | | L2-696708-60 | | Rohit Sharma | |
| | | | | | L3-696708-61 | Pawan Kumar | | |
| | | | | | L4-696708-90 | | | |
| | | | | | L5-696709-69 | | | |
| 6. | 202/1-11-22 | P/F 60 mm thick interlocking Tiles at ward no. 1 | 995321-00 | 696724-70 | L1-696724-70 | | Vijay kumar Chaudhary And | To be Awarded by Toss among them. |
| | | | | | L2-696724-70 | | Rohit Sharma | |
| | | | | | L3-696724-71 | Pawan Kumar | | |
| | | | | | L4-696724-97 | | | |
| | | | | | L5-696725-40 | | | |

## 14.3 प्रशासनिक अनुमोदन के बिना ₹134.52 लाख के निर्माण कार्यों का निष्पादन :-

उप सचिव, शहरी विकास विभाग, शिमला-2 हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या यू.डी.-ए.(3)5/2007 दिनांक 10.03.2010 के नियम 2(3) के अनुसार नगर पालिका **₹5 लाख तक के**

कार्यों के प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने हेतु सक्षम है व **₹5 लाख** से अधिक् के कार्यों हेतु निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य था | लेकिन जाँच के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत गगरेट द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान **₹5** लाख से अधिक के कार्यों हेतु निदेशक, शहरी विकास विभाग , हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के बगैर किया गया है जो की अनियमित है | निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किए बिना करवाए गए **₹1,34,52,519/-** के कार्यों का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

| SR. NO | NAME OF WORK | Estimated AMOUNT |
|---|---|---|
| 1. | C/O of path from H/O of Sh. Anil H/O to near water supply pump. H/O W.No. 9 | 961104 |
| 2. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 5 Khu Chowk towards the H/O Kutlera RDO/0 to 0/250 Phase I | 659187 |
| 3. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 5 Khu Chowk towards main road Karluhi near the H/O Sh. Kntlena R.D. 0/250 to 0/500 Phase II | 659190 |
| 4. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 5 near the H/O Ram Kishan to Sh. Madan Mistri & main road to Jheer Basti | 551693 |
| 5. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 6 near the H/O Ashu & main road towards the H/O Nathe Choudhary in W. 6 | 696708 |
| 6. | P/F 60mm thik C.C. interlocking at W.No. 8 near the H/O Dr. Sinah towards the H/O Ishwer Dass R.D.0/420 to 0/630 Ph.III | 577827 |
| 7. | C/O streat in W.No. 9 Kang H/O to park Chowk & Kuldeep Thakur by P/F 62765360mm thik C.C. Tiles | 685382 |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 1 near Bus Stop towards Baba Balak Nath Temple Amdi Pulian up to H/O of Mastan Singh2Chowk to H/O Sh. RashpalSingh | 696724 |
| 9. | C/O streatin W.No. 9 Kang H/O to park Chowk & Kuldeep Thakur by P/F 60mm thik C.C. Tiles | 685382 |
| 10. | C/O road in W.No. 4 near the H/O Kalu Master towards the H/O Mr. Sheru upto Chowk by Contruinity retening hall | 674359 |
| 11. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 6 near the H/O Dr. Naresh & Suneel Kumar | 683526 |
| 12. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 8 near the H/O Dr. Sinah towards the H/O Ishwar Dass R.D. of 0/210 & 0/420 Ph.III | 577824 |
| 13. | P/F 60mm thik C.C. interlocking Tiles at W.No. 6 near the main road towards H/O Sh. Azad | 608764 |
| 14. | C/O RCC Slab Culvent in W.No. 9 N.P. Amb near park towards the H/O Sh. Sukh Chain | 785411 |
| 15. | C/O R.C.C. Slab culvent in W.No. 4 N.P. Amb near the H/O Kalu Master towards the H/O Sheru in W.No. 4 N.P. Amb Distt. Una (H.P.) | 810971 |
| 16. | P/F 60mm thik C.C. interloking tiles at W.No.3 near main road Mahalaxmi H/O near towards the H/O Sh. Gopal Krishan | 666067 |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | P/F 60mm thik C.C interlocking tiles at W.No. near the H/O Gopal Krishan towards the H/O Kishori Rai & Asgar Ali | 666067 |
| 18. | P/F 60mm thik C.C interlocking tiles at W.No.2 near Meena Beauty Parlour towards shop of Sh.Ved | 544758 |
| 19. | C/O shed at Moksh Dham Amb Distt Una on Nehrian road Amb | 583011 |
| 20. | C/O streat in W.No. 9 from Khad towards the H/O Sh. Sukh Chain to Mamta H/O | 678564 |
| | **योग** | **1,34,52,519** |

उक्त प्रकरण सचिव नगर पंचायत अम्ब के ध्यानार्थ अंकेक्षण अधियाचना संख्या 49/24 दिनांक 7.03.2024 द्वारा लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में उनके द्वारा पत्र संख्या न.प.अम्ब/370 दिनांक 13.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि निदेशक, शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा | अतः आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**14.4 निर्माण कार्य बिलों में संविदाकारों को अधिक भुगतान ₹670496/- की अंकेक्षण के दौरान वसूली :-**

**14.4.1 निर्माण कार्य बिल में संविदाकार को ₹815/- का अधिक भुगतान करना :-**

अंकेक्षण में निर्माण कार्य बिलों की जाँच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार संविदाकार को ₹815/- का अधिक भुगतान गलत गणना के कारण किया गया है | इस संदर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 52/24 दिनांक 14.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त ₹815/- की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार से रसीद संख्या 72/33 दिनांक 18.03.24 द्वारा कर ली गई जिसे बैंक खाता संख्या 5135961589 दिनांक 20.03.2024 को जमा करवा दिया गया था, जिसकी सत्यापना अंकेक्षण दौरान कर ली गई |

**गणना में चूक के कारण ₹815/- का अधिक भुगतान**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | C/O of path from Sh.Gori Shankar house to Sh.Kamal in ward No.8. |
| **ठेकेदार** | A.V.Const. |
| **ठेका आबंटन पत्र संख्या** | NP/Amb/Award./2021-534 Dt. 13.12.2021 |
| **माप पुस्तिका संख्या** | 1 पृष्ठ संख्या 23 |
| **वाउचर संख्या व दिनांक** | NIL दिनांक 07.03.2022 |

| क्रम संख्या | मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक भुगतान योग्य दर (₹) | भुगतान की गई दर (₹) | वास्तविक निष्पादित कार्य प्रमात्रा | अधिक भुगतान दर (₹) | कुल अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | Earth work in excavation by mechanical etc. | 60/- घ..मी. | 80/- घ..मी. | 40.75 घ.मी. | 20 घ.मी. | 815 |
| | | | | | | **कुल योग** | **815** |

**14.4 (2)निर्माण कार्य बिल में संविदाकार को ₹5290/- का अधिक भुगतान करना :-**

अंकेक्षण में निर्माण कार्य बिलों की जाँच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार संविदाकार को ₹5290/- का अधिक भुगतान मद संख्या 3 P/F 60mm thick factory made etc. Area में से 13.74 व.मी.की मात्रा को न घटाने के कारण किया गया | इस संदर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 53/24 दिनांक 14.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त ₹5290/- की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार से रसीद संख्या 72/33 दिनांक 18.03.24 द्वारा

कर ली गई जिसे बैंक खाता संख्या 5135961589 दिनांक 20.03.2024 को जमा करवा दिया गया था, जिसकी सत्यापना अंकेक्षण दौरान कर ली गई |

**गणना में चूक के कारण ₹5290/- का अधिक भुगतान**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | C/O of path from main road to awadi Guiran in ward No.1. |
| **ठेकेदार** | A.V.Const. |
| **ठेका आबंटन पत्र संख्या** | NP/Amb/Award./2021-543 Dt. 13.12.2021 |
| **माप पुस्तिका संख्या** | 3 पृष्ठ संख्या 5-8 |
| **वाउचर संख्या व दिनांक** | NIL दिनांक 22.03.2022 |

| क्रम संख्या | मद संख्या | मद का नाम | भुगतान दर (₹) | भुगतान की गई मात्रा (₹) | वास्तविक निष्पादित कार्य प्रमात्रा | अधिक भुगतान मात्रा (₹) | कुल अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | P/F 60mm thick factory made etc. | 385/- व.मी. | 425.08/- व.मी. | 411.34 व.मी. | 13.74 व.मी. | 5290 |
| | | | | | | **कुल योग** | **5290** |

**14.4 (3) निर्माण कार्य बिल में संविदाकार को ₹1823/- का अधिक भुगतान करना :-**

अंकेक्षण में निर्माण कार्य बिलों की जाँच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार संविदाकार को ₹1823/- का अधिक भुगतान मद संख्या 3 P/F 60mm thick factory made etc. Area में से 4.29 व.मी.की मात्रा को न घटाने के कारण किया गया | इस संदर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/24 दिनांक 14.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त ₹1823/- की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार से रसीद संख्या 72/31 दिनांक 18.03.24 द्वारा

कर ली गई जिसे बैंक खाता संख्या 5135961589 दिनांक 19.03.2024 को जमा करवा दिया गया था, जिसकी सत्यापना अंकेक्षण दौरान कर ली गई |

**गणना में चूक के कारण व विनियम दरें अधिक लगाने के ₹1823/- का अधिक भुगतान**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | C/O of path from Sh.Ravinder house to Sh. Ghulam Mohammad ward No.6. |
| **ठेकेदार** | Sh.Sachin Kumar |
| **ठेका आबंटन पत्र संख्या** | NP/Amb/Award./2021-548 Dt. 13.12.2021 |
| **माप पुस्तिका संख्या** | 3 पृष्ठ संख्या 9-12 |
| **वाउचर संख्या व दिनांक** | NIL दिनांक 22.03.2022 |

| क्रम संख्या | मद संख्या | मद का नाम | भुगतान दर (₹) | भुगतान की गई मात्रा (₹) | वास्तविक निष्पादित कार्य प्रमात्रा | अधिक भुगतान मात्रा (₹) | कुल अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | P/F 60mm thick factory made etc. | 425/- व.मी. | 514.01 व.मी. | 509.72 व.मी. | 4.29 व.मी. | 1823 |
| | | | | | | **कुल योग** | **1823** |

**14.4 (4) निर्माण कार्य बिल में संविदाकार को ₹62,568/- का अधिक भुगतान करना :-**

अंकेक्षण में निर्माण कार्य बिलों की जाँच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार संविदाकार को ₹**62568**/- का अधिक भुगतान निम्नानुसार किया गया है | इस संदर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 61/24 दिनांक 15.03.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत द्वारा अपने पत्र संख्या पत्र संख्या न.प.अम्ब/432 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त ₹62568/- की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार से ₹268/- रसीद संख्या 72/32 दिनांक 18.03.24 द्वारा तथा ₹62,300/- रसीद संख्या 72/34 दिनांक 18.03.24 द्वारा कर ली गई जिसे

बैंक खाता संख्या 5135961589 दिनांक 20.03.2024 को जमा करवा दिया गया था, जिसकी सत्यापना अंकेक्षण दौरान कर ली गई |

**गलत गणना करने के कारण ₹62568/- का अधिक भुगतान :-**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | P/F 60 mm thick cc interlocking tiles at ward No. 5 Phase-I |
| **ठेकेदार** | Sh.Pawan Kumar |
| **ठेका आबंटन पत्र संख्या** | NP/Amb/Award./855-60 Dt. 11.07.2022 |
| **माप पुस्तिका संख्या** | 4 पृष्ठ संख्या 6-9 |
| **वाउचर संख्या व दिनांक** | 200 दिनांक 01.11.2022 |
| **रोकड़ बही पृष्ठ संख्या** | 55 |

| क्रम संख्या | मद संख्या | मद का नाम | भुगतान दर (₹) | भुगतान की गई मात्रा (₹) | वास्तविक निष्पादित कार्य प्रमात्रा | अधिक भुगतान मात्रा (₹) | कुल अधिक भुगतान (₹) | माप पुस्तिका पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Earth work in excavation by mechanical etc. | 80/- घ.मी. | 83.83/- घ.मी. | 73.86/- घ.मी. | 9.97/- घ.मी. | 797 | 3 |
| 2 | 3 | P/F 60mm thick tiles factory made etc. | 620/- व.मी. | 838.32 व.मी. | 738.69 व.मी. | 99.63 व.मी. | 61771 | 9 |
| | | | | | | **Total** | **62568** | |

नोट:- वास्तव में पैरा संख्या 14.4 (1) से 14.4 (4) तक अधिक भुगतान के सन्दर्भ में वसूली उचित स्रोत/संविदाकारों से कर ली गई है परन्तु भविष्य में कार्यों बिलों का निरीक्षण संस्था स्तर पर अधिक कुशलता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ऐसे मामलों की पुनरावृति न हो।

**14.5 निर्माण कार्यो में प्रावधित नियमों की अवेहलना तथा सम्बन्धित अभिलेख को तैयार न करना**

